!! बन्दीछोड़ सतगुरू रामपाल जी महाराज जी की जय हो !!

कलयुगी भाई की साजिश

बरवाला काण्ड

बरवाला काण्ड का सम्पूर्ण खुलासा सबूतों के साथ

For : AUDIO, VIDEO, PDF 'N' DOCUMENTRY PROOF Just click www.barwalakand.com



।। अथ मंगलाचरण।।

गरीब नमो नमो सत् पुरूष कुं, नमस्कार गुरू कीन्ही। सुरनर मुनिजन साधवा, संतो सर्वस दीन्ही।1।।
सतगुरू साहिब संत सब डण्डौतम् प्रणाम। आगे पीछै मध्य हुए, तिन कुं जा कुरबान।2।
नराकार निरविषं, काल जाल भय भंजनं। निर्लेपं निज निर्गुणं, अकल अनूप बेसुन्न धुनं।3।
सोहं सुरति समापतं, सकल समाना निरति लै। उजल हिरंबर हरदमं बे परवाह अथाह है, वार पार नहीं मध्यतं।4।
गरीब जो सुमिरत सिद्ध होई, गण नायक गलताना। करो अनुग्रह सोई, पारस पद प्रवाना।5।
आदि गणेश मनाऊँ, गण नायक देवन देवा। चरण कवंल ल्यो लाऊँ, आदि अंत करहूं सेवा।6।
परम शक्ति संगीतं, रिद्धि सिद्धि दाता सोई। अबिगत गुणह अतीतं, सतपुरूष निर्मोही।7।
जगदम्बा जगदीशं, मंगल रूप मुरारी। तन मन अरपं शीशं, भक्ति मुक्ति भण्डारी।8।
सुर नर मुनिजन ध्यावैं, ब्रह्मा विष्णु महेशा। शेष सहंस मुख गावैं, पूजैं आदि गणेशा।9।
इन्द कुबेर सरीखा, वरूण धर्मराय ध्यावैं। सुमरथ जीवन जीका, मन इच्छा फल पावैं।10।
तेतीस कोटि अधारा, उतरैं सहंस अठासी। उतरैं भवजली पारा, कटि हैं यम की फांसी।11।

विषय सूची

क्र०सं० विवरण

1. देश वासियों से प्रार्थना
2. भगत समाज से प्रार्थनाः– अब पढ़िये बरवाला कांड घटित होने के पीछे का कारण।
3. बरवाला कांड के विषय में भक्तो की शंका व सतगुरू देव जी के तत्वज्ञान आधार से उनका समाधान।
4. बरवाला कांड का सम्पूर्ण खुलासा सबूतो के साथ व राष्ट्रीय समाज सेवा समिति का लिखित संविधान।
5. संत रामपाल जी महाराज द्वारा चंदीगढ़ हाईकोर्ट में एफीडेविट देकर राष्ट्रीय समाज सेवा समिति के साथ किसी भी तरह के सम्बन्ध से इंकार करनाः–
6. राष्ट्रीय समाज सेवा समिति द्वारा भक्तो को जबरन इसका सदस्य बनाना ।
7. राष्ट्रीय समाज सेवा समिति द्वारा भक्तो पर दान के लिये दबाव डालना।
8. सतलोक आश्रम मैनेजमेंट के सेवादारो द्वारा भक्तो की बेरहमी से पिटाई ।
9. महेन्द्र व बलजीत द्वारा संत रामपाल महाराज जी के नकली हस्ताक्षर करना ।
10 संत रामपाल जी महाराज जी के दोनो पुत्रो मनोज व विरेन्द्र की बरवाला कांड में भूमिका ।
11. राष्ट्रीय समाज सेवा समिति द्वारा संत रामपाल जी महाराज की आड़ में न्यायालय पर तीन पुस्तकें लिखना।
12. बरवाला कांड में हरियाणा प्रशासन की भूमिका।
13. महेन्द्र दास व आश्रम के प्रवक्ता राजकपूर द्वारा मिडिया को झूठा बयान देना।
14. बरवाला कांड के बाद संत रामपाल जी महाराज का पहला बयान, वह भी राष्ट्रीय समाज सेवा समिति के खिलाफ।
15. बरवाला कांड के बाद राष्ट्रीय समाज सेवा समिति के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों द्वारा संत रामपाल जी महाराज जी के खिलाफ बयान देना।

क्र०सं०	विवरण
16.	संत रामपाल जी महाराज जी ने कहा की इन लोगो ने मेरा बना बनाया आशियाना उजाड़ दिया।
17.	संत रामपाल जी महाराज जी ने कहा की, आश्रम में गलत काम हुए लेकिन मैने नहीं किये, वे सभी गलत काम सेवादानों व समिति ने किये थे,
18.	हिसार जेल से आने वाले नकली पत्रो के पीछे का सच
19.	देशद्रोह के मुकदमे से महेन्द्र द्वारा अपने बेटे अमित की जमानत करवाने के पीछे का सच
20.	देशद्रोह में अन्य भक्तो की जमानत से महेन्द्र का भड़कना
21.-	भक्तो का हिसार तारिखो पर जाना सही या गलत
22.-	नामदान सेन्टर खोलकर राष्ट्रीय समाज सेवा समिति द्वारा धर्म को धन्धे में दब्दील कर भक्त समाज को लूटना
23.-	राष्ट्रीय समाज सेवा समिति द्वारा, संत रामपाल जी महाराज पर झूठ बोलने का आरोप लगाना,
24.	महेन्द्र एंड पार्टी का उधार मांगने वाला नकली लैटर
25.	गुरूजी की जमानत 15 महीने पहले ही हो सकती थी लेकिन महेन्द्र ने जानबूझकर नहीं होने दीः
26.	सतगुरू देव जी की माता इन्द्रो माई का निधनः– .
27.	संत रामपाल जी महाराज जी के दर्शनों के लिए नेपाल से आई भक्तमती बिन्दियां को फांसी लगाना,
28.	महेन्द्र दास की राजनीति व हरियाणा प्रशासन में सांठ गांठ का प्रमाण
29.	सत सेवको द्वारा राष्ट्रीय समाज सेवा समिति पर केस (याचिका लगाना) करना
30.-	राष्ट्रीय समाज सेवा समिति द्वारा 24 मार्च 2016 को भक्तों को पुलिस से भिड़वाना
31.	संत रामपाल जी महाराज जी की बेटी मंजू व भक्तमती अनारो की वर्तमान में भूमिका
32.	वकीलों ने संत रामपाल जी महाराज जी के मुकदमों को बनाया, अपनी कमाई का जरिया,
33.	महेन्द्र ने कहा की संत रामपाल जी महाराज के आदेशों के बाद भी, मेरी मंजूरी जरूरी हैं।

क्र०सं०	विवरण
34.	सतलोक आश्रम मैनेजमेंट द्वारा महेन्द्र को सारशब्द प्राप्त होने का झूठी अफवाह उड़ाना,
35.	महेन्द्र व उसके बेटे अमित द्वारा संगत से सोना (गोल्ड) दान करवाने की प्लानिंग
36.	पवित्र धार्मिक पुस्तक ''ज्ञान गंगा'' में मिलावट
37.	राष्ट्रीय समाज सेवा समिति द्वारा हरियाणा के जातिगत जाट आंदोलन का समर्थन करना।
38.	महेन्द्र दास द्वारा भक्तो से जबरन जातिगत राजनीति करवाना
39.	जाट नेता यशपाल मलिक का बयान.....संत रामपाल समर्थकों का समर्थन लेकर बदल देंगे सरकारः–
40.	संगत से धर्म के नाम पर लूटे दान का मैनेजमेंट द्वारा राजनीति में दुरूपयोगः–
41	संत रामपाल जी महाराज का नाम लेकर संगत में भंडारे बन्द करवाना, राष्ट्रीय समाज सेवा समिति का अपना मनमाना आदेश
42.	रोहतक में प्रकट दिवस के बहाने, राष्ट्रीय समाज सेवा समिति का राजनैतिक प्रदर्शनः–
43	एक करोड़ के देशी घी और एक ट्रक चावल का भुगतान गुरूजी जेल से केसव रूप में आकर दुकानदार को करके चले गएः–
44	अगर संगत में भण्डारे बन्द है तो फिर रोहतक में भण्डारा क्यों
45.	संत रामपाल जी महाराज जी पर चल रहे है पच्चीस के ऊपर मुकदमें।
46.	बरवाला कांड के दौरान राष्ट्रीय समाज सेवा समिति द्वारा बच्चों व महिलाओं की जवाबदारी से इंकारः–
47.	राष्ट्रीय समाज सेवा समिति द्वारा राजस्थान के गैंगस्टर आनंदपाल सिंह की सी०बी०आई० जांच का समर्थन करना :
48-	संगत से प्रार्थना :– अब मनवस मैनेजमेंट व महेन्द्र उतर आया है अपनी घटिया व नीच हरकतों परः–

1. देश वासियो से प्रार्थनाः-

भारत के सभी बुद्धिजीवी व शिक्षित नागरिको से प्रार्थना है कृपया इस विशेष लेख को अपने कीमती समय में से कुछ क्षण निकालकर पूरा पढ़ने का कष्ट करें।

18 नवम्बर 2014 को हरियाणा के बहुचर्चित बरवाला कांड से आप सभी परिचित होंगे, जिसमें हरियाणा प्रशासन के द्वारा हजारो की संख्या में पुलिस बल के साथ सतलोक आश्रम बरवाला पर अटैक किया गया था, वह इसलिए क्योंकि चंडीगढ़ हाईकोर्ट ने जगतगुरू तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के खिलाफ कोर्ट की अवमानना के चलते अरेस्ट वारंट जारी किया था, साथ ही जजो न्यायालय के खिलाफ तीन पुस्तके, **भ्रस्ट जज कुमार्ग पर, न्यायालय की गिरती गरिमा व सच बनाम झूठ,** को झापने के मामले में भी कोर्ट व प्रशासन ने सख्ती दिखाई थी, आपजी ने तत्कालीन समय मीडिया चैनलो के माध्यम से जो भी सुना और देखा, उस आधार से आपजी ने संत रामपाल जी महाराज के विषय में जो भी सोचा या सोच रखा है उसमे आप के विचारो का कोई दोष नहीं है, लेकिन वास्तविक सच्चाई कुछ और ही है जिससे आपजी ही नहीं बल्कि अभी तक संत रामपाल जी महाराज के शिष्य भी पूरी तरह से परिचित नहीं है, जगतगुरू तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज लगभग पिछले 23 वर्षो से वसुधैव कुटुम्बकम की नीति पर चलते हुये समाज को प्रेम शांति और अहिंसा का पाठ पढ़ाते आ रहे है, शास्त्र अनुकूल भक्ति बताकर भक्त समाज के मोक्ष का मार्ग प्रसरत कर रहे है, संत रामपाल जी महाराज वैसे ही है जैसा वे अपने सत्संगो में समाज को बनने के लिए कहते है और लाखों शिष्यो को वैसा बनाया भी, लेकिन बरवाला काण्ड के समय ऐसा क्या हुआ की अचानक भक्ति मर्यादाओ से दूर उनके शिष्य हाथो में लाठी, पत्थर और पेट्रोल बम्ब लेकर हिंसक होकर मरने मारने के लिए पुलिस प्रशासन से जा भिड़े, देश दुनिया ने बरवाला काण्ड मे जो नजारा देखा, जैसे भक्तो के काले कपड़े, हाथो में डंडे व पेट्राल बम्ब आदि।

दरअसल संत रामपाल जी महाराज जी को एक साजिश के तहत काफी दिनो से सतलोक आश्रम मैनेजमेंट व राष्ट्रीय समाज सेवा समिति नामक मनमुखी संगठन के द्वारा न्यायिक व वास्तविक सच्चाई की कोई जानकारी नहीं लगने दी।

सतलोक आश्रम मैनेजमेंट के मुखिया व संत रामपाल जी महाराज के छोटे

भाई महेन्द्र दास व समिति के कुछ लोगो ने एक सुनियोजित षडयंत्र के तहत ही उन्हें चंडीगढ़ कोर्ट में पेश होने से जबरन रोक के रखा हुआ था जिस कारण बरवाला कांड जैसी दुःखद घटना ने जन्म लिया, क्योंकि बरवाला कांड के उपरांत मीडिया को दिए अपने बयान में संत रामपाल जी महाराज जी ने स्वयं कहा है कि **''मुझे आश्रम में रोककर रखा हुआ था, जिस कारण कोर्ट में पेश नहीं हो सका''**

24 नवम्बर, 2014

रामपाल बोला, 'वो' मुझे मार देते, छुपा रहा तो बच गया

सुरेंद्र सोढी, हिसार

सतलोक आश्रम के संचालक रामपाल ने पुलिस रिमांड के तीसरे दिन रविवार को भी देर सायं जानकारियां दीं। उसका कहना था कि वह तो अदालत में पेश होना चाहता था पर उसको सेवा समिति के पदाधिकारी इसके खिलाफ थे। वे लोग उसकी जान लेना चाहते थे। इसलिए वह आश्रम में छुप कर बैठ गया।

पुलिस पूछताछ में रामपाल ने कहा कि जब तक आश्रम की कमान उसके हाथ में थी, कोई गड़बड़ नहीं होती थी। पर सेवा समिति के पदाधिकारियों का कब्जा होते ही उसे भी बंधक बना लिया गया। आश्रम में इतने हथियार कहां से आए, इस सवाल पर रामपाल टकटकी लगाए पुलिस अधिकारी को देखता रहा। अंत में पूछा गया कि इतना पैसा कहां से आया तो बोला- 'मैं बेकसूर हूं, मुझे इतना पता है। कई बार बता दिया, लोग दान-चंदा दे दिया करते थे।'

उंगलियों के इशारे पर खुल गई तिजोरी

- रिमांड के तीसरे दिन हरियाणा पुलिस को मिली कई जानकारियां

बार राइफल, पांच बंदूक बरामद

रामपाल की निशानदेही पर पुलिस ने बार राइफल और पांच बंदूक बरामद किया। बार हजार लाठियां भी बरामद हुईं। इससे पहले भी आश्रम से भारी मात्रा में हथियार मिल चुके हैं। इस मामले में पुलिस ने अब तक 896 लोगों को गिरफ्तार किया है।

शाम तीन बजे रामपाल को हवालात से उसके आश्रम ले जाया गया। पुलिस उसको सीधे उसके कमरे में ले गई। तिजोरी, तहखाना और दरवाजों पर लगे कोड युक्त लॉक पर उसकी उंगलियां चलीं तो ताले खुलने लगे। इसके बाद रामपाल दो जोड़ी कपड़े लेकर वापस हवालात लौटा।

दो बुलेट प्रूफ जैकेट मिली

सतलोक आश्रम में सर्च अभियान के दौरान डीजीपी एसएन वशिष्ठ पहुंचे। इस दौरान पुलिस को दो बुलेटप्रूफ जैकेट भी मिले। इसके अलावा तीन लाख 41 हजार की नकदी बरामद हुई।

2. भगत समाज से प्रार्थनाः- अब पढ़िये बरवाला कांड घटित होने के पीछे का कारण

सतगुरू प्रेमी भक्त आत्माओं से करबद्ध प्रार्थना है कि सबूतों सहित इस पुस्तक को निष्पक्ष भाव से पूरा पढ़े, क्योंकि प्रमाण सहित बात निंदा नही बल्कि चेतावनी होती है और परमात्मा ने भी कहा है कि...''साँचा शब्द कबीर का प्रकट किया जग माही-जैसे को तैसा कहे सो तो निंदा नाही''....

अर्थात जो जैसा है उसे वैसा का वैसा बताना कोई निंदा नहीं बल्कि एक परापकारी कार्य में आता है, और यह परोपकार का कार्य परमात्मा के आशीर्वाद से तब तक सुचारू रहेगा जब तक संगत का बच्चा बच्चा अपने **सतगुरू रूपी परमपिता संत रामपाल जी महाराज जी** के साथ साजिश करने वाले कुछ गद्दारों की हर एक करतूतों से परिचित नहीं हो जाती है।

कुछ दिनों पहले दास अपने एक भगत भाई के धर चला गया, जैसे ही बाइक खड़ी करके गेट की तरफ चलने लगा तो अचानक उनके 4 साल के बेटे ने हँसते हुए हाथ जोड़कर सत साहेब किया, और मेरा हाथ पकड़कर बोला भगत जी, अपने मालिक जेल से बाहर कब आएंगे''।

दास उस बच्चे के निश्च्छल प्रभु प्रेम के सामने फीका पड़ गया, और सोचने पर मजबूर हो गया कि अब इस मासूल बच्चे को क्या जवाब दूँ, परमात्मा तो हर घटना को घटाने व बढ़ाने में सक्षम हैं।

जब 21 ब्रह्मांड के स्वामी काल भगवान का रिमोट परमात्मा के हाथ में है तो फिर ये कोर्ट कचहरी औ जजो की क्या बिसात है जो उन्हें कैद करके रख सके, लेकिन यह आध्यात्मिक खेल है इसे कोई सांसारिक या वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखेगा तो कभी भी समझ में नही आयेगा, इसे केवल तत्त्वज्ञान की दृष्टि से देखने वाला सतगुरू का कृपापात्र भक्त ही समझ सकता है कि वर्तमान में क्या खेल चल रहा है।

एक पुरानी कहावत है कि.... **''भगत के वश में है भगवान''** परमेश्वर अपने लायक और नालायक दोनों ही बच्चो की हर वो इच्छा पूरी करते है जिसके लिए वे भक्ति कर रहे होते है, और दुर्भाग्य से कुछ नालायक बच्चे सतगुरू देव संत रामपाल जी महाराज जी के नजदीक सतलोक आश्रम में केवल अपनी सुख सुविधाओं और आर्थिक इच्छा पूर्तियों के लिए उस समय भक्ति का ढोंग करने आये जब सतगुरू देव जी इस काल लोक की तमाम कठिनाइयों को झेलते–झेलते अपने बच्चों को तत्तवज्ञान देने करोंथा आश्रम में सत्संग करना शुरू कर दिया था, आश्रम खुलते ही काल भगवान के विशेष कृपापात्र **महेन्द्र उर्फ मोहनलाल (संत रामपाल जी महाराज जी का छोटा भाई)** सहित अन्य परिवार वालों ने भी आश्रम में एंट्री कर ली, जो कि पहले खुद सतगुरू देव जी का विरोध करते थे।

समय बीतता चला गया और शुरू से ही मनवश हो चुके महेन्द्र उर्फ मोहन लाल के दिमाग में खरपतवार बढ़नी शुरू हो गई, क्योंकि महेन्द्र ने जब आज भी सतगुरू देव जी को परमात्मा नहीं माना है तो उस समय उसका सतगुरू देव जी को परमात्मा मानने का सवाल ही पैदा नहीं होता है, धीरे धीरे बढ़ती संगत और दान की आवक को देखकर मनवश महेन्द्र के मन में गुरूपद हासिल करके चौधर अपने हाथ में लेने की लालसा जागने लगी और आखिरकार मनवश महेन्द्र ने एक दिन सतगुरू देव जी के समक्ष जाकर, भक्ति मार्ग से संबंधित कुछ विशेष अधिकार मांगकर ज्ञान विरूद्ध हरकत की, जिसके लिए सतगुरू देव जी ने सख्त मना कर दिया और अपनी भक्ति पर ध्यान देने को कहा।

बस यहीं से मनवश अहंकारी महेन्द्र के मन में गाँठ पड़ गई और अपनी गुरूपद की महत्वकांशा पूर्ति के लिए षड्यंत्र का ताना बाना बुनने में लग गया, करोंथा आश्रम के सारे मैनेजमेंट को अपने हाथ में लेने की दृष्टि से अपने जैसे मनवश लोगों की सेवादारों के नाम पर टीम खड़ी करने लग गया, और 2005 में अपनी नौकरी से इस्तीफा देकर व बलजीत लहरी की सतलोक आश्रम के मैनेजमेंट में एंट्री करवाकर गुरूजी को षड्यंत्र के तहत जेल में देखने के लिए नापाक योजना बनाने लगा, और अगले ही वर्ष इन्हीं मनवश लोगों की उल्टी हरकतों के चलते करोंथा जमीन के विवाद में आर्य समाजियों के विरोध व आश्रम पर हमले के चलते निर्दोष गुरूजी को 22 महीने अकारण जेल में रहना पड़ा, तथा उन 22 महीनों में भी महेन्द्र एंड पार्टी ने मालिक की जमानत के लिए सही नियत से कोई कानूनी कार्यवाही ना करके वकीलों की फीस आदि के नाम पर आज की तरह ऐसे ही भोली संगत को खूब लूटा, अर्थात भक्त के वश में है भगवान वाली कहावत मनवश महेन्द्र एंड पार्टी की मंशा पर चरितार्थ हुई अर्थात परमात्मा ने इनकी घटिया इच्छा को भी पूरा किया

22 महीने बाद सतगुरू देव जी ने जेल से बाहर आकर दया की और पुनः सत्संग करने लगे और उधर महेन्द्र एंड पार्टी भी पुनः अपना संगठन मजबूत करके नई साजिश में जुटी रही, **इसी साजिश के चलते गुरूजी के आदेशो के विरूद्ध 2010 में राष्ट्रीय समाज सेवा समिति (RSSS) का मनमाने तरीके से मनवश लोगों का संगठन खड़ा कर दिया गया और धीरे धीरे सतलोक आश्रम मैनेजमेंट को अपने कब्जे में करता चला गया,** यहां तक कि इन मनवश लोगों

द्वारा सतगुरू देव संत रामपाल जी महाराज की फोटो का कम्प्यूटर से दुरूपयोग करके और उनके नकली साइन करके पीठ पीछे आश्रम के पुराने ट्रस्ट को खत्म करके 2012 में नई ट्रस्ट को लुधियाना में रजिस्टर करवाकर अपने नाम कर लिया और उसका नतीजा आज सब के सामने है कि क्या से क्या हो गया, देखिए यह फोटो जो गद्दार महेन्द्र ने ट्रस्ट अपने नाम करवाने के लिए स्वयं बीच में खड़ा है और गुरूजी की फोटो को कम्प्यूटर से सबसे अंत में लगा रखा है.....



ANNEXURE I

OFFICE BEARERS

The following shall be the Office Bearers

i)	SANT RAMPAL	CHAIRMAN for Life
ii)	MOHINDER SINGH	VICE-CHAIRMAN
iii)	BALJEET SINGH	SECRETARY
iv)	NAVIN CHANDER	TREASURER
v)	RAJINDER	EXECUTIVE MEMBER
vi)	NAVAB SINGH	EXECUTIVE MEMBER
vii)	SUNIL	EXECUTIVE MEMBER

TRUST DEED

इसी मनवश राष्ट्रीय समाज सेवा समिति ने भोले भक्तों को काले कपड़े पहनाने से लेकर उनके हाथों में लठ पत्थर पेट्रोल बम्ब व बंदूके देकर उन्हें भक्तो से गुंडे बनाकर तथा सभी आदेश सतगुरू देव संत रामपाल जी महाराज के बताकर उनकी आड़ में बरलवाला कांड जैसा नरसंहार करवा दिया, लाखों परिवारों को भक्ति मार्ग से विमुख कर दिया, और सतलोक आश्रम बरवाला को वीरान बना दिया..... अन्यथा सोचने की बात है।

1. तत्त्वज्ञान व परमेश्वर का संविधान कहता है कि जिन आत्माओं को संविधान और कानून की पालना करवाकर जो महापुरूष (संत रामपाल जी महाराज) भक्त से पहले देश का एक सभ्य व आदर्श नागरिक बनने की शिक्षा देता है...**वह महापुरूष कभी स्वपन में भी कानून की अवहेलना नही कर सकता है।**

2. परमेश्वर के संविधान अनुसार जिस महापुरूष (संत रामपाल जी महाराज) ने सन 1994 के बाद आज तक अपनी 23 साल की आध्यात्मिक भक्ति यात्रा के सतमार्ग में जिन आत्माओं को उनके कुकर्म करने वाले हाथो में मंत्र कार्ड थमाया हो, सुमरनी थमाई हो और छिना झपटी करने वाले जिन हाथो को दान करना सिखाया हो.... **वह महापुरूष उन्ही आत्माओ को कमांडो बनाकर उनके हाथों में लठ, पत्थर और पेट्रोल बम्ब थमाकर स्वपन में भी बरवाला कांड करवाने के आदेश नहीं दे सकता हैं।**

3. परमेश्वर के संविधान अनुसार जिस महापुरूष (संत रामपाल जी महाराज) ने अपनी भक्ति युक्त आत्मा प्रहलाद भक्त पर आये संकट के समय स्वयं ढाल बनकर नरसिंह अवतार धारण करके सामने खड़ा हो गया था.... **क्या वही महापुरूष बरवाला कांड में अपनी सुरक्षा के लिए बेबस, मासूम बच्चो व महिलाओं को कभी ढाल बनाकर सतलोक आश्रम के गेट पर बैठा सकता है?**

अब यदि वास्तव में संगत गुरूजी के ऊपर से बदनामी के दाग हटता हुआ देखना चाहती है तो इस बरवाला कांड की **''लीला''** वाले मोतियाबिंद के चश्मा को उतारकर तत्त्वज्ञान का असली चश्मा चढ़ाकर धर्म को धंधे में तब्दील कर अपना पेट पालने वाले मनमुखी सतलोक आश्रम मैनेजमेंट व अपने कॉर्डिनेटर्स

के नम्बरो पर कॉल करके इस सच्चाई के विषय में सवालों के जवाब ले, जो आपको इस पुस्तक में आगे दिखाये जाएंगे....

1. बरवाला कांड से पहले जिन तत्त्वज्ञान हीन नकली संतो की गुरूजी के सामने आकर ज्ञान चर्चा करने की हिम्मत तक नही होती थी आज वे सभी नकली संत गुरूजी को ''फर्जी संत'' घोषित कर रहे है.... **केवल गद्दार सतलोक आश्रम मैनेजमेंट की महागलती के कारण**

2. बरवाला कांड से पहले कोई जानता तक नही था कि ठाकुर देवकी नंदन कोन है लेकिन आज उसका 20 साल का एक अदना सा अज्ञानी शिष्य यशराज, तत्त्वज्ञानी संत रामपाल जी महाराज के खिलाफ गंदी भाषा युक्त यू ट्यूब पर वीडियो डाल देता है और कोई ज्ञान आधार से जवाब देने की हिम्मत तक नही करता है सिवाय फेसबुक पर उआबाई के... **केवल गद्दार सतलोक आश्रम मैनेजमेंट की महागलती के कारण**

3. भक्त समाज कही गुरूजी की चर्चा करता है और बीच में कोई बरवाला कांड को लेकर गुरूजी के विषय में गंदा बोलने पर उतर आता है तो उस भक्त के पास शीश झुकाने के अलावा कोई चारा नहीं बचता है, क्योंकि **''लीला''** का नाम लेकर संगत को मूर्ख बनाया जा सकता है जगत को नही...

4. यदि कोई भक्त संतो के विषय में जेल में बैठे गुरमीत राम रहीम का हवाला देकर किसी को संत और असंत की परिभाषा बताने की कोशिश करता है तो उसे झट से जवाब मिलता है कि... तुम्हारे गुरूजी कोन से 5 स्टार होटल में बैठे है बात करता है संतो की और वह भक्त चुप हो जाता है. **केवल गद्दार सतलोक आश्रम मैनेजमेंट की महागलती के कारण।**

5. यदि कोई भक्त गुरूजी के तत्त्वज्ञान को सर्वश्रेष्ठ बताकर उन्हें एक परम संत के साथ–साथ संविधान व कानून का पालनकर्ता बताता है तो लोग यह कहकर तुरन्त चुप कर देते है कि... राम रहीम के पास तत्त्वज्ञान नही था लेकिन फिर भी उसने भारतीय कानून और संविधान की पालना की और कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हुए पेश हो गया... लेकिन तुम्हे और तुम्हारे गुरूजी को तो तत्त्वज्ञान भी था उसके बाद भी ना तो कानून का पालन हुआ और नाही

कोर्ट का सम्मान हुआ, इसके बाद भक्त के पास जवाब नहीं होता है... **केवल गद्दार सतलोक आश्रम मैनेजमेंट की महागलती के कारण।**

अतः स्पष्ट है कि बरवाला कांड मनमुखी सतलोक आश्रम मैनेजमेंट और राष्ट्रीय समाज सेवा समिति नामक मनवश उपद्रवी संगठन की मनमानियों के चलते हुआ है

इतना सब होने पर भी कुछ नासमझ भगत यह कहते है कि यह तो परमात्मा की ''लीला'' चल रही है।

3.बरवाला कांड के विषय में भक्तो की शंका व सतगुरू देव जी के तत्वज्ञान आधार से उनका समाधान :- उपरोक्ट संदेश पढ़ने के बाद अब संगत को यह शंका होना स्वभाविक है कि... अगर मैनेजमेंट गलत कर रहा था तो क्या गुरूजी को पहले पता नहीं था, क्या कमांडो गुरूजी के साथ हिसार और रोहतक तारीखों पर नहीं जाते थे, क्या बरवाला कांड में बाहर खड़े कमांडो गुरूजी को दिखाई नहीं दे रहे थे, अगर गुरूजी के आदेश नहीं होते तो गुरूजी ने क्यों नहीं बताया कि कमांडो मेरे नहीं है और मेरा कोई आदेश नहीं है

सतगुरू के ज्ञान आधार से शंका समाधानः- सतगुरू देव जी ने सत्संग में बताया कि 650 साल पहले जब एक गणिका बहन (वैश्या) कबीर साहेब के सत्संग सुनकर और अपने कुकर्मो से परिचित होकर आत्म कल्याण के लिए सत्संग में आने लगी थी, उस समय भी आश्रम के मैनेजमेंट द्वारा उस बहन को वैश्या की दृष्टि से देखा जाता था और उसे अपनी और गुरूजी की बेइज्जती समझते हुए सत्संग में आने से रोकने लगे,

मैनेजमेंट से काफी परेशान होकर गणिका बहन ने अपना सारा दुख कबीर साहेब को बताया तो कबीर साहेब बोले, बेटी आप ऐसे ही सत्संग में आते रहो, उधर कबीर साहेब ने काल भगवान के साथ किए हुये वायदे अनुसार मैनेजमेंट पर दबाव ना देते हुए इशारो ही इशारो में सत्संग के माध्यम से उन्हें समझाने की कोशिश करने लगे की **''भाई कुष्टी होवै संत बंदगी कीजिए-हो वैश्या कै विस्वास चरण चित दीजिए''**

लेकिन मान बड़ाई और चौधर की आग में पक चुके मैनेजमेंट को कबीर

साहेब की सैन (इशारे) समझ में नहीं आये तो सोचा कि अब ये मैनेजमेंट भक्त ना रहकर अपने आप को भगवान समझ बैठा है एक बार इनकी फड़क निकाल ही देता हूँ, और साथ ही संगत का भी झाड़ा ले लेता हूँ कि कितने भक्त ज्ञान आधारी है और कितने चमत्कार और सुखों के वशीभूत होकर भक्त बनने का नाटक कर रहे है और उसके बाद क्या हुआ हम सब जानते है

यह उदाहरण उन भक्तो के लिए है जो आज यह कहते हैं कि **क्या राष्ट्रीय समाज सेवा समिति और महेन्द्र जी के विषय में गुरूजी को पता नहीं था कि वे कुछ गलत कर रहे हैं**

अतः जिस तरह 650 साल पहले कबीर साहेब को मैनेजमेंट की हरकतों व गणिका बहन के साथ किये जाने वाले दुव्यवहार आदि के विषय में सब पता था.. ठीक उसी तरह सतलोक आश्रम बरवाला में भी अन्तर्यामी सतगुरू देव जी को महेन्द्र व राष्ट्रीय समाज सेवा समिति के सब कारनामों का पता था लेकिन जिस तरह काशी में सब कुछ मालूम होते हुए भी पमेश्वर ने अपने गुणों के अनुसार सीधे शब्दों में ना कहकर औ काल भगवान के साथ किये वायदे अनुसार सीधे दबाव डाले बिना केवल इशारो में सब कुछ बता दिया था... ठीक वैसे ही बरवाला कांड से पहले के यदि सत्संग सुने जाए और गौर किया जाए तो सतगुरू देव जी ने सतलोक आश्रम मैनेजमेंट को सैकड़ो बार भगत बने रहने की इशारो इशारो में संकेत किये थे, लेकिन दुर्भाग्यवश मनवश महेन्द्र सहित मोटी बुद्धि वाले चौधरी लोग समझ नहीं सके या समझकर भी नासमझ बने रहने का नाटक करते रहे, इस बात को सतगगुरू देव जी और चौधरियों के अलावा कौन बेहतर जान सकता है

बरवाला कांड तो काल भगवान ने अपने महेन्द्र जैसे मनवश यंत्रों के माध्यम से करवाना ही था लेकिन साथ ही परमेश्वर ने भी इसी बहाने काशी की तरह आश्रम मे बढ़ रही गंदगी व संगत का भी ज्ञान आधार से झाड़ा लेना था, अन्तर्यामी सतगुरू देव जी तो इन महेन्द्र जैसे चौधरियो के मन में जमा हो चुकी उस गंदगी से पहले ही परिचित थे जो आने वाले समय में भक्त समाज और इस पवित्र भक्तिमार्ग के लिए रोड़ा बनने जा रही थी, लेकिन लाल और लालड़ी की कहानी वाले उस ताऊ की तरह सतगुरू देव जी को तो सब पता था कि कौन

सा लाल है और कौन सी लालड़ी लेकिन ताऊ उन नादान बच्चों को भविष्य में धोखा खाने से बचाने के लिए और सफल व्यापारी बनाने के लिए चाहता था कि ये बच्चे भी अपने विवेक से लाल और लालड़ी की पहचान करना सीख जाएं और मेरे शरीर छोड़ने के बाद ये बच्चे कभी धोखा ना खा जाये,

परमेश्वर की दी हुई बुद्धि से लगता है की आज गुरूजी (परमेश्वर) भी उस ताऊ की तरह यही चाहते हैं कि मेरे बच्चे भक्त और अभक्त में पहचान करके मेरे द्वारा दिये गए तत्त्वज्ञान की रोशनी में चलना सीख जाएं तांकि कल को मेरे सतलोक जाने के उपरांत ऐसे कालदूतों के धोखों से बचे रहे और इस सतभक्ति से मोक्ष प्रापत करके मेरे पास आते रहे,

लेकिन परमेश्वर के इशारों को ना समझकर संगत आज भी अपने इस अनमोल भक्ति मार्ग के वर्तमान निर्णय तत्त्वज्ञान की रोशनी से ना लेकर, केवल नकली पत्र, संदेहप्रद ऑडियो, और मैनेजमेंट के मनमखी आदेशों के सहारे अधिक चल रही है

जब आज साक्षात प्रथ्वी पर परमेश्वर के रहते सहते संगत का यह हाल है तो कल को परमेश्वर जब अपना लीलामई पंचतत्त्व शरीर त्यागकर अपने निज लोक सतलोक को प्रस्थान करेंगे और उस समय भी यदि मनवश महेन्द्र जैसे कालदूत वर्तमान जैसी गुरूद्रोही वाली स्थिति पैदा कर देंगे तो, जो संगत आज एक दूसरे की देखादेखी में चलते हुए सही गलत का निर्णय नहीं कर पा रही है तो कल को गुरूजी की अनुपस्थिति में कैसे कर पायेगी।

क्योंकि कल को ना तो कोई पत्र और नाहीं कोई ऑडियो सतलोक से आयेगा, नाही सतलोक में ए.पी. सिंह वकील और महेन्द्र का लड़का अमित मिलने जा सकता है, नाही रोहतक में गुरूजी की बेटी मंजू के पास सतलोक से फोन आ सकता है आदि आदि, अतः विवेकी भक्त लिए तो इशारा ही काफी है, परमेश्वर की दी हुई बुद्धि से लगता है परमेश्वर सतलोक से इस गंदे लोग में केवल संगत के लिए ही आयें हैं अब अगर संगत विवेकी ना बनकर केवल नासमझ बने रहना चाहती है तो फिर सीधी सी बात है परमेश्वर तत्त्वज्ञान लेकर भी नासमझी व देखदेखी में चल रहे जीवों को सतलोक ले जाने के

लिए इस गंदे लोग में नहीं आते हैं, अर्थात नासमझ व मूर्खो के समूह में से जो जो उनकी आत्मा सत्य का संग करके तत्त्वज्ञान आधार से अपने भक्ति रूपी सफर में मर्यादा से चलेगी केवल उन्हें ही परमेश्वर अपनी शरण में लेते रहेंगे,

जो समर्थ परमेश्वर सतलोक में बैठे बैठे अक्षर पुरूष के 16 संख ब्रह्मांड और काल भगवान के 21 ब्रह्मांड चला सकते हैं तो उस समर्थ के लिए जेल में बैठे बैठे मुट्ठी भर जीवों को पार करना कौन सी बड़ी बात है,

लेकिन सतगुरू देव जी द्वारा प्रदत बुद्धि से लगता है कि जो भक्त आज परमेश्वर के तत्त्वज्ञान को नजरअंदाज कर केवल राष्ट्रीय समाज सेवा समिति, मनमुखी सतलोक आश्रम मैनेजमेंट, नकली पत्र व संदेहप्रद ऑडियो रूपी लाठी के सहारे अंधे होकर चल रहे हैं, उनके लिये 650 साल पहले की तरह पछतावे के अलावा कुछ भी हाथ लगना शेष नहीं रह जायेगा।

महेन्द्र जैसे मनवश लोगों के नापाक इरादों को देखते हुए समय बहुत कम बचा है और अगर जल्दी ही संगत ने समय रहते तत्वज्ञान आधार से निर्णय लेकर अपना भक्ति सफर शुरू नहीं किया और ऐसे ही इन चौधरियों के इशारों पर चलती रही तो आने वाले समय में पूरे विश्व की बर्बादी का कारण केवल देखादेखी में चल रही संगत होगी

प्रार्थी/लेखक
जगतगुरू तत्वदर्शी परमसंत सतगुरू रामपाल जी महाराज जी का शिष्य
पवन दास, जयपुर (राजस्थान)
8769548494, 8696215598

4. देखिए सारी सच्चाई सबूतो सहित व प्रत्येक संदेश के साथ नीचे सबूत के लिए फोटो कॉपी दी जा रही है साथ ही ऑडियो, वीडियो, व पीडीएफ फाइल आदि सबूत देखने के लिए www.barwalakand.com पर देख सकते हैं।

राष्ट्रीय समाज सेवा समिति का गठन व संविधानः- महेन्द्र उर्फ मोहन लाल ने सतगुरू रामपाल जी महाराज जी के मना करने के बावजूद राष्ट्रीय समाज सेवा समिति का गठन किया और 14 पेज का एक लिखित संविधान बनाय, जिसके पॉइंट नंबर 8 पर कहा गया है कि कोई भी अनुपदेशी इस समिति का सदस्य बन सकता है **(अर्थात 8 नंबर पॉइंट के तहत महेन्द्र ने अन्य बाहरी असामाजिक तत्वों जैसे आर्य समाज के लोगो को बरवाला कांड से पहले ही अपने षडयंत्र में शामिल कर लिया था साथ ही**

इसी तरह पॉइंट नंबर 12 पर लिखा है कि राष्ट्रीय समाज सेवा समिति संत रामपाल जी महाराज से किसी भी कार्य में कोई दिशा निर्देश नही लेगी, संत रामपाल जी का काम केवल सदग्रंथो को पढ़कर सत्संग करना और नामदान देना ही रहेगा, बाकी जिम्मेदारियों से उनको मुक्त किया जाता है **(अर्थात गुरूजी से कोई भी दिशा निर्देश ना लेना का मतलब यह समिति मनमाना आचरण करेगी और बरवाला काण्ड में वही मनमाना काम इन लोगो ने कर दिया, जैसे भक्तो को गुरूजी के आदेश बताकर उनके हाथों में बन्दूक, लठ, डंडे और पैट्रोल बम्ब थमाकर कमांडो बनाकर आश्रम के बाहर मरने मारने के लिए खड़ा कर दिया देखिये, इसकी पूरी पीडीएफ फाईल देखने के लिए हमारी वेबसाइट www.barwalakand.com पर देखें।**

(8.) 'राष्ट्रीय समाज सेवा समिति' का पदाधिकारी केवल सतनाम प्राप्त भक्त ही बन सकता है, सदस्य बिना नाम लिए हुए भी बन सकता है जो समिति के नियमों का पूर्ण तौर से पालन करेगा।

(12.) 'राष्ट्रीय समाज सेवा समिति' 'संत रामपाल जी महाराज' से किसी प्रकार के कार्य में दिशा-निर्देश नहीं लेगी क्योंकि 'संत रामपाल जी महाराज' का कार्य केवल सभी धर्मों के धार्मिक सद्ग्रन्थों का अध्ययन करके सत्संग प्रवचन करना तथा आने वाले भक्तजनों को नाम दीक्षा देना ही रहेगा। अतः 'संत रामपाल जी महाराज' अन्य सभी प्रकार की जिम्मेदारियों से मुक्त रहेंगे।

5.संत रामपाल जी महाराज द्वारा चंदीगढ़ हाईकोर्ट में एफीडेविट देकर राष्ट्रीय समाज सेवा समिति के साथ किसी भी तरह के सम्बन्ध से इंकार करना:- 2014 में जब राष्ट्रीय समाज सेवा समिति ने मनमाने तरीके से कुछ जवान भक्तो को अपने कॉर्डिनेटर सिस्टम के माध्यम से गरूजी के आदेश बताकर ब्लैक कमांडो बनाने शुरू कर दिए, और गुरूजी की हिसार व रोहतक पेशियों पर अपने शक्ति प्रदर्शन के लिए प्रयोग करने लगे, इस घटनाक्रम के चलते चंडीगढ़ हाई कोर्ट ने गुरूजी से समिति के विषय में जवाब मांगा तो चंडीगढ़ हाई कार्ट के इस आदेश पर **गरूजी ने अपना बयान एफिडेविट के माध्यम से दिया, जिसमें गुरूजी ने साफ साफ कहा है कि ''मेरा राष्ट्रीय समाज सेव समिति से कोई लेना देना नही है... जबकि राष्ट्रीय समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मास्टर रामकुमार ढाका ने कोर्ट में गुरूजी के बयानों के विरूद्ध अपना बयान दिया कि राष्ट्रीय समाज सेवा समिति संत रामपाल जी महाराज के द्वारा ही बनाई गई है।**

CRCCP-12-2014 (O&M)

IN THE HIGH COURT OF PUNJAB & HARYANA AT CHANDIGARH

CRCCP-12-2014 (O&M)

Versus

Present: Mr.R.S.Pur, Senior Advocate, with

Mr.Gautam Dutt, Advocate, for the contemner.

Mr.Sandeep Varman, Addl.A.G., Haryana.

The affidavit further contains an averment that Rampal Dass has neither issued any direction nor appeal to anybody to be present either at Hisar or Rohtak and devotees of their own had assembled at

CRCCP-12-2014 (O&M)

Hisar and Rohtak but in the next very para, deposes that the decision to come to Hisar and Rohtak Courts on 14.07.2014 and to arrange security for Rampal Dass was taken by the National Social Service Committee collectively.

The affidavit filed by Rampal Dass on 28.08.2014, reveals that Rampal Dass disowns any connection with the members of the National Social Service Committee and deposes that he never called upon them to be present at Hisar or Rohtak but in paragraph 7 admits that people who had come to Hisar and Rohtak are members of the National Social Service Committee being run by Master Ram Kanwar Dhaka.

➡ गुरू जी ने साफ मना किया है, कि मेरा RSSS से कोई सम्बन्ध नही है

Mr. Ram Kanwar Dhaka, who is present in Court, states that all members of the National Social Service Committee are devotees of Rampal Dass and have taken 'Guru Diksha' i.e. 'Naam', binding them as devotees of Rampal Dass. He further states that nobody can become an office bearer of the society without being a devotee and taking 'Naam' personally from Rampal Dass. Mr.Ram Dhaka ने प्रोल्शा से सोच करने कि कोशिश कि RSSS गुरु जी दुकान चलाई जाती है, जबकि गुरु जी ने साफ मना किया था

6. बरवाला कांड से पहले राष्ट्रीय समाज सेवा समिति ने संगत को बरवाला आश्रम में कुछ पर्चे बटवाकर जबरन इस समिति का सदस्य बनने के लिए दबाव भी बनाया था कि " **सारनाम प्राप्त भक्त या भक्तमति को इस समिति का सदस्य बनाया अनिवार्य है नहीं तो सतलोक आश्रम में उनका प्रवेश सदा सदा के लिए बंद कर दिया जायेगा** "अर्थात जो पूर्णतया सतगुरू देव जी के तत्वज्ञान के विरूद्ध है क्योंकि परमात्मा ने यह सतभक्ति ज्ञान आधार की बताई है नाकि की दबाव की, इससे साफ जाहिर है कि महेन्द्र एंड पार्टी द्वारा भक्तो को डराकर जबरन इस समिति का सदस्य बनाया गया था, देखिए।



राष्ट्रीय समाज सेवा समिति का भक्तों से निवेदन

विषय — तरवर (वृक्ष), तरवर (जलाशय), संत व भक्तजन चौथे वर्ष मेह।
परमार्थ के कारण, चारों धारें देह।।

भक्तजनों !

यह निवेदन विशेष रूप से सारनाम प्राप्त भक्तों के लिए है। इसके साथ-साथ सत्यनाम प्राप्त भक्त भी इस मिशन में सहयोग दे सकते हैं।

आप जी को सारनाम प्राप्त हो चुका है। परमात्मा के बताए ज्ञान से आप को यह भी पता है कि सारनाम प्राप्त प्राणी का उद्देश्य शेष क्या रह जाता है? केवल सतलोक जाना। सतलोक जाने के लिए स्पष्ट है कि आप जी ने इस संसार की सर्व संपत्ति छोड़कर जाना है तथा आप का शरीर भी आप के साथ नहीं जाएगा। भक्ति की कमाई से आपको सतलोक में अथाह संपत्ति तथा अविनाशी शरीर प्राप्त होगा। इसलिए आप का कर्तव्य बनता है कि आप संसार के अन्य भूले प्राणियों को भी इस सुख स्थान की जानकारी कराएँ जिस कार्य को स्वयं परमात्मा कबीर बन्दी छोड़ जी करने आते हैं। उसके लिए उन्होंने क्या-क्या यातनाएँ सहनी पड़ीं ? आप से कुछ नहीं छुपा है। जब हमारे मालिक हमारे पिता अपने बच्चों के लिए भटक रहे हैं तो क्या हमारा कर्तव्य नहीं बनता कि हम उसके बेटा-बेटी अपने पिता के कार्य में हाथ बंटाएँ ? क्योंकि हम आध्यात्म मार्ग में युवा हो चुके हैं, अवश्य बनता है।

* अपने परिवार तथा पेट के लिए तो पशु-पक्षी भी प्रयत्न करते हैं, यदि भक्त होकर परमार्थ में आगे नहीं आता है तो वह तो उसी श्रेणी का है। परमार्थ करना एक पुण्य है। जब परमात्मा जिस कार्य को आजीवन करते रहे, उन्हीं की कृपा से आप तथा हम भक्ति की यथार्थ विधि प्राप्त करके धन्य हुए। हमें कितना सुख प्राप्त हुआ ? इसी प्रकार हम भी वही कार्य कर रहे हैं जो परमात्मा किया करते थे तथा जो उनका निर्देश है :-

कबीर, आप राम कहै औरा राम कहावै।
जो मुख नाम ना उच्चरै फिर-फिर समझावै।।

इसलिए आप जी को यह तो निश्चय है कि हम स्वार्थवश कोई कार्य नहीं कर रहे हैं। हमारे सतगुरुदेव संत रामपाल जी महाराज का उद्देश्य विश्व कल्याण करना है। हम इनके शिष्य हैं, बच्चे हैं। तो हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम इस विश्व कल्याण के कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें।

* इसके लिए चाहे शांतिपूर्वक प्रदर्शन करना पड़े।
* चाहे ओछी मन्दी बातें सुननी पड़ें।
* चाहे लाठियां या गोलियां खानी पड़ें, हमें तैयार रहना है।
* विचार करें कि परमात्मा स्पष्ट हो गए तो यह जीवन ही कहर बन जाएगा।

यदि कोई भक्त इस मिशन का सदस्य बनना चाहता है तो अपना पूरा नाम और पूरा पता लिखवाएँ।

सारनाम प्राप्त भक्तों के लिए अनिवार्य है कि वे इस समिति का सदस्य अवश्य बनें। यदि सारनाम प्राप्त भक्त (भक्त या भक्तमति) इसका सदस्य नहीं बनता है तो उसके लिए सतलोक आश्रम में आना सदा के लिए मना है।

नियम :- जब भी आपको बुलाया जाए या जहां कोई सेवा दी जाए, सर्व सांसारिक कार्य छोड़कर उपस्थित हो जाएं।

7. बरवाला कांड से पहले... अक्टूबर 2014 में इसी समय राष्ट्रीय समाज सेवा समिति ने बरवाला आश्रम में एक और पर्चा बंटवाया था जिसमें जबरन ज्योति और पाठ के माध्यम से अधिक से अधिक दान देने पर जो दिया गया था, इस पर्चे में भक्ति मर्यादा के विपरीत सारनाम प्राप्त भक्तो को पाठ प्रकाश के लिए 9000 रूपये और सतनाम प्राप्त भक्तो को ज्योति के पैसे जमा करवाने के आदेश दिए गए, साथ ही एक संकेत देकर जल्दी पैसे देने के लिए भक्तो को डराया भी गया कि अगले महीने 24 नवंबर से ज्योति के पैसे 700 रूपये से बढ़कर 1000 कर दिए जाएंगे, ताकि भक्त 700 रूपये के चक्कर में इसी महीने ज्यादा से ज्यादा दान राशि जमा करवाये,

गौर करेंगे तो इस पर्चे में कही भी गुरूजी का कोई आदेश नही लिखा है केवल भक्तो को गुमराह करने के लिए ''परमेश्वर आदेश'' लिख दिया, उसके बाद ''सतगुरू उपदेश'' लिख दिया, और उसके बाद राष्ट्रीय समाज सेवा समिति का सभी भक्तो से निवेदन लिख दिया, ... एक जगह बीच में भक्तो को भ्रमित करने के लिए इन्होंने लिख दिया कि ''पाठ और ज्योति के पैसे दर्शनो के समय सतगुरू देव जी के हाथों में ही देना है ''तांकि भक्तो को समिति पर कोई शंका ना हो और भक्त समाज यही सोचे कि जब पैसा गुरूजी के हाथों में देना लिखा है तो वास्तव में गुरूजी के ही आदेश होंगे? देखिये



8. बरवाला कांड से पहले आश्रम में राष्ट्रीय समाज सेवा समिति व मैनेजमेंट की मनमानी इतनी बढ़ गई थी कि माता बहनो के साथ भी इनका बर्ताव अश्लील व अभद्रतापूर्ण हो गया था, जिसका सबूत नेपाल के भक्तो द्वारा दुखी होकर सतगुरू देव को लिखा गया एक पत्र है **क्योंकि सतलोक आश्रम मैनेजमेंट ने नेपाल के एक भक्त को हॉल में ले जाकर उसे नंगा करके सरियों से बुरी तरह पीटकर अधमरा कर दिया था, देखिये यह पत्र व सतगुरू देव जी का मैनेजमेंट को जवाब**



9. अब शुरू होता है गुरूजी के नकली हस्ताक्षर का खेल....

महेन्द्र ने गुरूजी के नकली साइन करके व फोटो लगाकर लुधियाना में जो कबीर परमेश्वर भक्ति ट्रस्ट बनाया था, अब उसकी लैटर पेड पर गुरूजी के नकली साइन करके महाराष्ट्र के पूना शहर में एक खाता खुलवाया, शायद 90ः भक्तो को पता नही है कि महाराष्ट्र के पूना मे बरवाला आश्रम की तरह प्रोजेक्ट पर महीने में 2 बार सत्संग होता था क्योंकि पैसो के लालची महेन्द्र और बलजीत को पता था कि महाराष्ट्र में काफी भक्त ऐसे है जो बड़े बड़े उद्योगपति है जो मोटा दान दिया करते थे अतः उस दानराशि को अपने कब्जे में करने के लिए इन दोनों ने लैटर पेड पर गुरूजी की तरफ से नकली साइन करके पूना में खाता खुलवाया और पैसे को अपने कब्जे में करते चले गए, **देखिये नीचे लैटर पेड पर गुरूजी के अलग अलग नकली साइन, जबकि नीचे गुरूजी का पेन कार्ड है जिसमें गुरूजी के असली साइन है देखिए**

10. सतगुरू देव जी के दोनो लड़को की भूमिका- कई वर्षो से उपरोक्त सभी उल्टी हरकतों में महेन्द्र व बलजीत का साथ सतगुरू देव जी के दोनों लड़के बिजेन्द्र व मनोज भी दे रहे थे, **क्योंकि चाचा महेन्द्र ने अपने इन दोनों भतीजो को राष्ट्रीय समाज सेवा समिति में उप प्रधान का पद दे रखा था और पैसो के साथ साथ सभी तरह की मौज मस्तियों की खुली छूट भी दे रखी थी ताकि महेन्द्र को कोई रोकने टोकने वाला ना रहे,** परिवार वालो की इन्ही गलत हरकतों के चलते सन 2013 में ही सतगुरू देव जी ने अपने राशन कार्ड से सभी का नाम हटवा दिया था क्योंकि ये लोग सतगुरू देव जी के वचनों व आदेशो पर कम व अपनी मनमानियों पर अधिक चलते थे... **देखिये सतगुरू देव जी का नया राशन कार्ड-**


हरियाणा सरकार

(डिपो धारक द्वारा भरा जाना है)

परिवार के सदस्यों का विवरण

11.मैनेजमेंट द्वारा न्यायपालिका पर तीन पुस्तकें लिखना- बरवाला कांड से पहले राष्ट्रीय समाज सेवा समिति ने अपनी मनमानी हरकतों के चलते भारतीय न्यायपालिका पर तीन विवादित पुस्तके **भ्रष्ट जज कुमार्ग पर, न्यायालय की गिरती गरिमा व सच बनाम झूठ** छपवाकर भक्त समाज के माध्यम से पूरे देश में यह कहकर बंटवाया की ये तीनों पुस्तकें गुरूजी ने लिखी है जिसके परिणाम स्वरूप कोर्ट का रवैया सतगुरू देव जी के खिलाफ सख्त हो गया, महेन्द्र के मुख से इसका वीडियो सबूत देखने के लिए हमारी वेबसाइट www.barwalakand.com पर देख सकते हैं।

12. बरवाला काण्ड को रोकने के लिए प्रशासन का प्रयास– बरवाला काण्ड को रोकने के लिए हरियाणा प्रशासन ने काफी प्रयास किये, सरकार ने एयर एम्बुलेंस अर्थात हेलीकॉप्टर की सुविधा मुहैया करवाने के लिए भी कहा कि हम संत रामपाल जी महाराज की कोर्ट मे पेशी करवाकर उन्हें वापस आश्रम में छोड़ देंगे **साथ ही सरकार ने अपने प्रतिनिधि भी समझोते के लिए आश्रम में गुरूजी से मिलने के लिए भेजे थे लेकिन महेन्द्र ने उन्हें गुरूजी से नहीं मिलने दिया और आश्रम में शंका समाधान वाले कमरे से ही बातचीत करके बाहर निकाल दिया, इसके अलावा धर्मगुरू रवि शंकर ने भी गुरूजी से बात करनी चाही थी लेकिन गद्दार महेन्द्र ने गुरूजी से बात ना करवाकर उन्हे अनदेखा कर दिया, हमारी** www.barwalakand.com पर देख सकते हैं।

13. महेन्द्र का मीडिया को झूठा बयान देना– इतना ही नही 20 साल से भक्ति की आड़ में भगत बनने का नाटक कर रहे महेन्द्र ने व आश्रम के प्रवक्ता राजकपूर ने सरेआम मीडिया को झूठा ब्यान दिया कि **संत रामपाल जी महाराज बरवाला आश्रम में नही है हमने परसो उन्हें अच्छे इलाज के लिए बाहर किसी हॉस्पिटल में भर्ती करवा दिया है, महेन्द्र व राजकपूर का वीडियो देखने के लिए हमारी वेबसाइड** www.barwalakand.com **पर देखें ।**

14. 18 नवम्बर 2014 का काला दिन- आखिरकार 18 नवंबर 2014 की दोपहर को पुलिस प्रशासन व राष्ट्रीय समाज सेवा समिति के कमांडो के बीच भीषण टकराव शुरू हो गया, जिसमे सैकड़ो की संख्या में भक्त व पुलिस के जवान घायल हुए और आश्रम की तरफ से 5 महिला भक्त व एक बच्चे सहित 6 मौते हुई, तथा राष्ट्रीय समाज सेवा समिति के षडयंत्र के चलते सतलोक आश्रम बरवाला भारत सहित पूरे विश्व में निंदा व बदनामी का विषय बन गया व गुरूजी पर तरह तरह के घटिया लांछन लगाए गए तथा

न्यायालय के द्वारा देशद्रोह का मुकदमा लगा दिया गया।

अर्थात सतलोक आश्रम मैनेजमेंट व राष्ट्रीय समाज सेवा समिति अपनी मंशा में सफल हुई।

14.. बरवाला कांड के बाद सतगुरू देव जी का पहला बयान और वह भी राष्ट्रीय समाज सेवा समिति के खिलाफ :- 18 नवंबर 2014 को बरवाला कांड होने व 19 नवंबर को तकरीबन रात के 9 बजे के आस पास सतगुरू देव जी ने पुलिस के समक्ष सरेंण्डर कर दिया और तभी से बरवाला कांड के रहस्य से पर्दा उठना खुरू हो गया, सतगुरू देव जी को मेडिकल जांच के लिए बरवाड़ा आश्रम से सीधे पंचकुला (चंदीगढ़) ले जाया गया, तकरीबन रात के एक बजे मेडिकल से बाहर आते समय मीडिया ने सतगुरू देव जी से सवाल करना शुरू कर दिया, जिसके जवाब में सतगुरू देव जी ने कहा की....''आश्रम के बाहर जो छः मौते हुई है उनका मुझे बेहद अफसोस है, जबकि सतलोक आश्रम मैनेजमेंट संगत को गुरूजी का आदेश बताकर गुमराह कर रहा है कि जो 6 भक्त मारे गए थे वे सतलोक चले गए है अर्थात उनका मोक्ष हो गया, सतगुरू देव जी ने कहा कि आश्रम के बाहर जो काले कपड़े पहने लोग खड़े थे वे मेरे नही थे सब राष्ट्रीय समाज सेवा समिति मेरी नही है.... जबकि सतलोक आश्रम मैनेजमेंट आज भी उल्टा आरोप गुरूजी पर ही लगा रहा है कि यह समिति संत रामपाल जी महाराज ने ही बनाई थी।

सतगुरू देव जी ने कहा कि मुझे तो आश्रम में रोक के रखा हुआ था जिस कारण मै कोर्ट में नही जा सका.... जबकि मैनेजमेंट कह रहा है कि संत रामपाल जी महाराज झूठ बोल रहे है, भक्त समाज अच्छे से जानता है कि इस सकल सृष्टि में अगर कोई सच बोलने वाला सतवादी पुरूष है तो केवल परमपुज्य परमेश्वर रामपाल जी महाराज जी है तथा उनके मुख कमल से निकला हर एक शब्द सत्य ही होता है झूठ उनके आसपास भी नही टिकती है देखिए... सभी वीडियो सबूत अपनी आँखो से व सतगुरू देव जी के मुख कमल से हमारी वेबसाइट www.barwalakand.com पर देंखें।

15. परमात्मा कहते है ''सिर साटे की भक्ति है और कछु नहीं बात शिर के साटे पाइय अविगत अलग अनाथ''

लेकिन इन गद्दार लोगों ने कांड से पहले और कांड के बाद सभी बयान गुरूजी को शीश देने के बजाए गुरू का शीश लेने वाले की कर्म किये, क्योंकि बरवाला कांड के बाद पुलिस की गिरफ्त में आये राष्ट्रीय समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मास्टर रामकुमार ढाका, पुरूषोत्तम सैनी कुरूक्षेत्र वाला, आश्रम का मुख्य ट्रस्टी बलजीत लहरी, बलजीत की बेटी बबिता, आश्रम में भक्तो के इंटरव्यू लेने वाला राजकपूर, राजेन्द्र भटगांव, आदि सभी लोगों ने पुलिस रिमांड के दौरान बरवाला कांड की सारी की सारी जिम्मेदारी गुरूजी पर ही डाल दी, और गुरूजी के खिलाफ बयान दिए कि भक्तो को कमांडो बनाने से लेकर, आश्रम के बाहर ढाल बनाकर बच्चो व महिलाओं को बैठाने के सारे आदेश हमें संत रामपाल जी महाराज ने ही दिए थे। देखिए

झूठ बोल रहा है रामपाल

खासमखास बोले, बाबा ने ही कहा था बच्चों व महिलाओं को बनाओ ढाल

हिसार के किसान का सिर फोड़ 82 लाख रुपये लूटे

हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक आज

25 नवंबर 2014, दैनिक जागरण, देहरादून / हरिद्वार / हल्द्वानी

सहयोगियों ने कहा, झूठ बोल रहा रामपाल

सुरेश लोधी, हिसार

* औरतों व बच्चों को ढाल बनाने के आदेश उसी ने दिए थे

16. पुलिस के बयान में गुरूजी ने कहा कि मेरा बना बनाया आशियाना उजाड़ दिया – पुलिस के बयानों में सतगुरू देव जी ने साफ साफ कहां है कि बरवाला कांड के जिम्मेदार बलजीत लहरी, राजकपूर, पुरूषोत्तम, व राजेन्द्र भटगांव है जिन्होंने मेरा बना बनाया आशियाना उजाड़ दिया, देखिए सबूत

दैनिक भास्कर

201 गवाह, 20 जज, किसी फैसला 40 साल में

पूछताछ में रामपाल बोला

ढाका और बलजीत ने किया सारा कांड

रामपाल चौथी बार रिमांड पर

5 सहयोगियों ने दिए पेट्रोल बम, आंसू गैस

दौलतपुर आश्रम का सामान भी जला होगा

17. एक अन्य बयान में आश्रम में हुए गलत कामों के विषय में पुलिस के पूछने पर गुरूजी ने साफ साफ कहा है कि.....

"आश्रम में गलत काम हुए पर मैंने नहीं किये, आश्रम में सभी गलत काम सेवादार और समिति वालो ने किये और करवाये, देखिए

रामपाल की हवालात में दूसरी रात और तीसरे दिन का हाल

पुलिस : तेरे कमरे में टीवी स्क्रीन, महिलाओं के स्नानघरों में शौचालय और महिलाओं के ढेरों वस्त्र, ये क्या है?

रामपाल : आश्रम में कैमरे हैं, मेरे कमरे में स्क्रीन है, गलत नहीं। नहाण और निफराम की जगह कैमरे नहीं है, जाके देख ल्यो। सारे कैमरे भक्तों के कपड़ों और सामान पर नजर रखने के लिए लगाए गए थे।

पुलिस : तू करता था सामान की निगरानी

रामपाल : .. चुप

पुलिस : लड़कियां, महिलाएं और आश्रम में इतने गलत काम, बता।

रामपाल : आश्रम में गलत काम होए, पर मन्नै नहीं करे।

पुलिस : किसने किए और करवाए?

रामपाल : वे..सेवादार अर ..समिति आले।

पुलिस : अलमारी, दरवाजे और तिजोरियों के कोड नंबर बता।

रामपाल : एक टक देखने के बाद चुप

पुलिस : कैमरों की हार्ड डिस्क कहां है?

रामपाल : मन्ने नहीं पता

पुलिस : कुछ चाहिए, चाय..?

रामपाल : बोतल में पानी भरवाद्यो

आश्रम में छुपे तीन और समर्थकों को ढूंढ़ निकाला

सर्च आपरेशन में मिली 82 मोटरसाइकिल, एक बस, जिप्सी

आश्रम में गलत काम होए पर मन्नै नहीं करे

रामपाल की हवालात में दूसरी रात और तीसरे दिन का हाल

इतने सबूत आँखो देखकर यह तो समझ में आ चुका है कि बरवाला कांड रूपी सारा का सारा खेल सतलोक आरम मैनेजमेंट के मुखिया महेन्द्र और उसकी मनमुखी राष्ट्रीय समाज सेवा समिति द्वारा अपनी राजनैतिक व आर्थिक मंशाओं की पूर्ति के लिए कुछ राजनैतिक व अन्य धर्म पंथो के इशारे पर खेला गया है, लेकिन बरवाला कांड के बाद इन्होने पुनः संगत को दान के नाम पर गुरू जी का आदेश बताकर लूटना शुरू कर दिया कि गुरूजी की जमानत के लिए बढ़िया वकील करने है और उनकी फीस के लिए पैसो की जरूरत है,

जबकि बरवाला कांड के समय महेन्द्र एण्ड पार्टी के पास कई करोड़ो रूपये पहले से ही थे देखिए....सतलोक आश्रम का बरवाला में खुला हुआ पंजाब नेशनल बैंक का स्टैटमेंट, बरवाला कांड से दो दिन पहले ही इस खाते से तकरीबन सवा करोड़ रूपये इंटरनैट बैंकिग के जरिये निकाले गए थे इसके अलावा आश्रम के अन्य 5,6 खातों में से रूपये निकाले गए थे देखिए,

THE TIMES OF INDIA

INDIA AA

Over Rs 1 crore withdrawn from ashram accounts as cops closed in on Rampal

Sukhbir Siwach | TNN |
Nov 22, 2014, 05.50AM IST

BARWALA: Even as full-scale police and paramilitary operations to arrest controversial preacher Rampal were underway at Barwala in Hisar, and the cops were virtually knocking at the ashram gates, transactions amounting to over a crore rupees were made in bank accounts of ashram trusts, including the one in the Barwala branch of Punjab National Bank, it was revealed on Friday.

In fact, sensing that the police were closing in, in quick succession over two days, and Rs 55 lakh was withdrawn from the account of ashram's Kabir Parmeshwar Bhakti Trust, said sources in the government. This account (No. 1631002100020895) was opened on October 1, 2012, with an opening balance of Rs 34.73 lakh. When the authorities came to know about this, the administration asked the bank to freeze the account on November 17. It still had Rs 61.94 lakh in it. The administration also found Rs 6 lakh in another account of Bandi Chhod Bhakti Mukti Trust, also associated with the ashram. Then the officials rushed to check the ashram's other bank accounts in Barwala.

Sources said the administration located a couple of accounts in a nationalized bank at Barwala but it had negligible balance. The officials believe that money was withdrawn from them. The administration then ordered the bank authorities to block only withdrawal from ashram accounts.

naven Gautam, 41 minutes ago 8:19 PM
सत्य की खोज भाग-4

naven Gautam, 37 minutes ago 8:20 PM
सत्य की खोज भाग-4

साथ ही बरवाला कांड में माता बहनों को लाखों रूपये देकर बाहर निकालना – राष्ट्रीय समाज सेवा समिति के द्वारा बरवाला कांड के बाद आश्रम से भी कई लाखों रूपये माता व बहनों को देकर बाहर निकाला गया था और बाद में उनकी वसूली के लिए उन सबके नाम व पते नोट कर लिये गये थे, इसी प्रकरण के चलते दो लाख रूपये की वसूली के सिलसिले में राजेन्द्र मोर और महेन्द्र की आपस में काफी कहा सुनी हो गयी थी राजेन्द्र मोर भी आश्रम के मैनेजमेंट में ही शामिल था और उसकी पत्नी को बरवाला कांड के बाद मैनेजमेंट ने दो लाख रूपये देकर बाहर निकाला था, बाद में उन दो लाख रूपये के सिलसिले में महेन्द्र का फोन आया तो राजेन्द्र मोर ने पैसे देने से इंकार कर दिया, उसके बाद महेन्द्र राजेन्द्र पर नाराज हो गया और भला बुरा कहने लगा, उसी समय राजेन्द्र ने भी फोन पर महेन्द्र को धमकाया की तूने भी

तो आश्रम के पैसों से अपनी कोठी बनाई है तेरे घर में जितनी भी सुख सुविधाओं की चीजें जैसे– टीवी, फ्रीज, कूलर, बैड है सब के सब आश्रम के दान से ही तो आया है यह सुनकर महेन्द्र ने फोन काट दिया और दौबारा पैसो का जिकर नहीं किया।

18. अब शुरू होता है हिसार जेल के नाम से नकली चिट्ठीयों (लेटर) का खेलः– बरवाला कांड के बाद राष्ट्रीय समाज सेवा समिति में पैसों व चौदर के लिए दो गुट बन गए थे एक गुट का मुखिया महेन्द्र बाहर था तो दूसरा मुखिया राजकपूर आज भी अंदर है सतलोक आश्रम मैनेजमेंट ने बरवाला कांड से पहले ३३ करोड़ के लगभग ६० एकड़ जमीन का सौदा किया था जिसका बयाने के रूप में ५ करोड़ रूपया पहले ही दिया जा चुका था और २८ करोड़ रूपया देना बाकी था लेकिन उसके बाद बरवाला कांड हो गया तो महेन्द्र ने सोचा अच्छा मौका है क्यों ना वह ५ करोड़ रूपया वापिस ले लिया जाए इस साजिश के तहत महेन्द्र ने एक नकली पत्र गुरूजी का नाम लेकर अपने कॉर्डिनेटर सिस्टम के माध्यम से संगत में बटवा दिया जिसमें लिखा था कि... ''जो जमीन का बयाना दे रखा है उसे कम अधिक करके वापस लेलें, और अभी कुछ न करें (अर्थात अभी जमीन नहीं खरीदनी है) लेकिन इसके बावजूद महेन्द्र को पैसो की भूख इतनी बढ़ गयी थी की उसने संगत को भी लूटना शुरू कर दिया और गुरूजी का आदेश बताकर मार्च २०१५ में पहली दान सेवा उसी जमीन के नाम पर शुरू की थी, **देखिए नीचे महेन्द्र एंड पार्टी के द्वारा निकाला गया जमीन के नाम से फर्जी पत्र और गौर करके देखेंगे तो पता चलेगा की तीनों पत्रों में शब्द वही है लेकिन लिखावट में जमीन और आसमान का फर्क है, सोचने की बात है अगर यह लेटर गुरूजी ने लिखा होता तो तीनों की लिखावट में इतना अंतर क्यों, भगत समाज स्वंय निर्णय करें, देखिये इसकी फोटो कॉपी हमारी www.barbala kand.com पर।**



महेन्द्र एंड पार्टी ने भगत समाज मे कम्प्यूटर से टाइप करके और भी कई नकली पत्र संगत में भेजे है जिनमें लिखा है कि.... गुरूजी जेब में आराम से है और जेल में आश्रम जैसा वातारण है ऐसा लिखकर संगत को धोखे में इसलिए रखा गया तांकि जेल में गुरूजी द्वारा जो कष्ट उठाये जा रहे है उनकी तरफ संगत का ध्यान न जाये और दान सेवा अधिक से अधिक आती रहे यदि संगत को हकीकत का पता चल जायेगा कि गुरूजी का लगभग 25 से 30 दिन का रिमांड हुआ है तो संगत बिदक जायेगी

जबकि हकीकत यह है कि पिछले 1 साल से पूरी सर्दी निकल गई लेकिन गुरूजी को जेल प्रशासन के द्वारा रात को ओढ़ने के लिए कम्बल व नहाने के लिए गर्म पानी तक नहीं दिया गया, देखिए अपनी आँखो से wwww.barwalakand.com पर।

सतलोक आश्रम प्रकरण: रामपाल ने मांगा गर्म पानी व कंबल, सुनवाई 25 मार्च को

हिसार/02 मार्च/रिपोर्टर

सतलोक आश्रम प्रकरण में आरोपियों पर दर्ज हत्या के मामले में आज रामपाल सहित अन्य आरोपियों की कोर्ट में पेशी हुई। कोर्ट ने अब इस मामले में अगली सुनवाई 25 मार्च को तय की है। दूसरी तरफ रामपाल की कोर्ट में पेशी का पता चलने पर रामपाल के सैकड़ों समर्थक सैंट्रल जेल पार्ट-2, व कोर्ट के नजदीक एकत्र हुए। इस दौरान हर बार की तरह पुलिस प्रशासन को रामपाल के अनुयायियों को मौके से खदेड़ने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

जेल अधीक्षक मामला स्थानीय कोर्ट से हुआ खारिज

